# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर : 452001

क्रमांकः परीक्षा / बी.ए.बी.एड. / 2025 / 590 दिनांक : 26 SEP 2025

## / / अधिसूचना / /

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की बी.ए.बी.एड. तृतीय सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2025 की परीक्षा निकट भविष्य में प्रारंभ होना प्रस्तावित है। बी.ए.बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के **नियमित / भूतपूर्व / ए.टी.के.टी. परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरे जाना** है। परीक्षा के परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालयों में प्रस्तुत करने की एवं महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तथा विलम्ब शुल्क की राशि निम्नानुसार निर्धारित की गई हैः–

| क्रं. | शुल्क विवरण | छात्र द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बिना विलम्ब शुल्क के | दिनांक 14.10.2025 तक | दिनांक 18.10.2025 तक विश्वविद्यालय को भेजे जावें |
| 2 | विलम्ब शुल्क 100 / – रू सहित | दिनांक 18.10.2025 तक | दिनांक 22.10.2025 तक विश्वविद्यालय को भेजे जावें |
| 3 | कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू. 750 / – सहित | दिनांक 22.10.2025 तक | दिनांक 24.10.2025 तक विश्वविद्यालय को भेजे जावें |
| 4 | **परीक्षा प्रारंभ होने से पांच दिन पूर्व तक कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विलंब शुल्क राशि रू. 1000 / – सहित** | | **महाविद्यालय प्रत्येक दो दिवस में प्राप्त आवेदनों को विश्वविद्यालय को भेजेंगे।** |

1. **प्रभारी एम.पी.ऑनलाईन यह सुनिश्चित करले बी.ए.बी.एड से संबंधित महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त होने पर ही परीक्षा फार्म भरने की अनुमति दी जावे।**
2. **परीक्षार्थीयों के प्रायोगिक अंक (प्रेक्टिकल सेल) कम्प्युटर सेक्शन में ऑनलाईन के माध्यम से महाविद्यालय द्वारा प्रेषित किये जाना है।**
3. **बी.ए.बी.एड की नियमावली (स्कीम) के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य ये सुनिश्चित कर ले की विद्यार्थी उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र है। भविष्य में विद्यार्थी की पात्रता के संबंध में त्रुटि होती है तो विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम घोषित नही किया जा सकेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्राचार्य की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिये जिम्मेदार नही होगा।**
4. **महाविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि पर जमा नही करने पर नियमानुसार विलम्ब शुल्क के साथ जमा किये जा सकेगें।**

| बी.ए.बी.एड नियमित परीक्षार्थियो के लिये परीक्षा शुल्क |
|---|
| **1700 / –** |

ए.टी.के.टी. / भूतपूर्व परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा शुल्क

| | |
|---|---|
| ए.टी.के.टी. एक विषय | **800 / – रू.** |
| ए.टी.के.टी. दो विषय | **1000 / – रू.** |
| भूतपूर्व परीक्षार्थी | **1700 / – रू.** |

अविरत....2

टीप :–

1. विश्वविद्यालय संबद्धता पत्र के बिना परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जा सकेंगे ।
2. बी.ए.बी.एड परीक्षा आवेदन पत्र के साथ अर्हतादायी अंकसूची की छायाप्रति अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य हैं।
3. विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विकलांग/दृष्टिहीन परीक्षार्थीयों को परीक्षा आवेदन–पत्र/नामांकन शुल्क को छोड़कर परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क में मुक्ति की पात्रता है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक: परीक्षा/बी.ए.बी.एड 2025/ 590 दिनांक : 26 SEP 2025

प्रतिलिपि :–

1– श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––– इन्दौर की ओर भेजकर निवेदन है कि वे इस समाचार को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार में वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहीत करें।

2– प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, समस्त बी.एड. महाविद्यालय, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि वे उपरोक्त कॉलम चार में दर्शायी तिथि को परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप में जमा करवायेगे। निर्धारित तिथि के बाद विश्वविद्यालय कॉलम दो के शुल्क के साथ आवेदन–पत्र मान्य नहीं करेगा।

3– संकायाध्यक्ष, छात्र–कल्याण,/निदेशक महाविद्यालयीन विकास परिषद

4– कुलगुरू के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

5– परीक्षा/गोपनीय/कन्ट्रोल रूम/मुद्रणालय/लेखा/भण्डार/शैक्षाणिक/ के संबंधित सहायक,

6– पूछताछ कक्ष, की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

7– प्रभारी, नेट, आई.टी.सेन्टर,

8– प्रभारी, केन्द्रीय मूल्यांकन केन्द्र,

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

E/Shiva/B.A./ADHI2017/260925/25